# जनजातीय समाज के कल्याण और विकास की चिंता करती है भाजपा : मुख्यमंत्री

## भाजपा सरकार ने जनजातीय समाज के लिए सबसे अधिक कार्य किए : प्रदेश अध्यक्ष

भोपाल(काप्र)।

**भारतीय जनता पार्टी जनजातीय समाज की सबसे अधिक हितैषी पार्टी है। जनजातीय समाज के कल्याण और विकास की चिंता भारतीय जनता पार्टी ही करती है। जनजातीय समाज के लिए जितने जनहितैषी काम भाजपा सरकार ने किए हैं, उतने काम आज तक किसी भी दल ने नहीं किए।**

इसलिए आज आवश्यकता है कि सरकार द्वारा संचालित योजनाओं एवं कार्यों को जनता के बीच ले जाएं, जिससे जनजातीय समाज के लोगों का और अधिक कल्याण हो सके। यह बात रविवार को मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित जनजातीय कार्यकर्ता मिलन समारोह में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कही। कार्यक्रम को पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने संबोधित किया। जनजातीय कार्यकर्ता मिलन समारोह में आगामी 15 नवंबर को भगवान बिरसा मुंडा जी की जयंती के अवसर पर मनाये जाने वाले जनजातीय गौरव दिवस के कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई। जनजातीय गौरव दिवस का मुख्य कार्यक्रम शहडोल जिले में आयोजित किया जायेगा तथा प्रदेशभर में पंचायत स्तर पर कार्यक्रम होंगे। इसी क्रम में अन्य आयोजनों को लेकर भी चर्चा हुई। प्रदेश अध्यक्ष श्री विष्णुदत्त शर्मा ने कार्यक्रम को वर्चुअली संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने जितने काम अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए किए हैं। उतने किसी भी सरकार ने नहीं किए। भाजपा सरकार का हमेशा यह प्रयास रहा है कि हर जनजातीय भाई बंधु के चेहरे पर खुशहाली आये। प्रदेश अध्यक्ष ने भगवान बिरसा मुण्डा की जयंती के अवसर पर होने वाले कार्यक्रमों की भव्य तैयारियां करने की बात कही। उन्होंने कहा कि गौरव दिवस का कार्यक्रम ऐतिहासिक हो। पार्टी के प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने संबोधित करते हुए आगामी कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम के दौरान अनुसचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय मंत्री ओमप्रकाश धुर्वे, राष्ट्रीय महामंत्री व सांसद गजेन्द्र पटेल, मोर्चा के प्रभारी हरिशंकर खटीक, मोर्चा अध्यक्ष कलसिंह भाबर, पूर्व सांसद एवं वरिष्ठ नेता ज्ञान सिंह, लोकसभा सांसद जीएस डामोर, सांसद छतरसिंह दरबार, राज्यसभा सांसद डॉ सुमेर सिंह सोलंकी, सांसद दुर्गादास उइके, सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह, मंत्री विजय शाह, मंत्री सुश्री मीना सिंह मंचासीन थे। कार्यक्रम में मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारी, मोर्चा के जिलाध्यक्ष एवं जन प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री के साथ पद्मश्री डॉ. किरण सेठ ने किया पौध-रोपण



भोपाल(काप्र)।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने स्मार्ट सिटी उद्यान में पद्मश्री डॉ. किरन सेठ के साथ करंज, सागौन और पिथोरिया के पौधे लगाए। आईआईटी दिल्ली के 73 वर्षीय सेवानिवृत्त प्रोफेसर डॉ. किरन सेठ श्रीनगर से कन्याकुमारी तक साइकिल यात्रा कर रहे हैं। यह यात्रा युवाओं में भारतीय शास्त्रीय संगीत और संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से की जा रही है। डॉ. सेठ के साथ सुश्री सविता राजे, राजेन्द्र कोठारी, सुश्री रश्मि सारस्वत, डॉ. अनुपमा शर्मा, श्रेयस शुक्ला, मनीष साहू, सुश्री सुरभि मेहरोत्रा, विक्की लाल स्वामी, एंटोनी घोष और सुश्री सीमा बजाज पौध-रोपण में शामिल हुए। मुख्यमंत्री के साथ मध्यप्रदेश अनुसूचित जनजाति वित्त विकास निगम की अध्यक्ष श्रीमती निर्मला बारेला ने भी पौधे लगाए। नसरूल्लागंज के जितेन्द्र गौड़ ने अपने जन्म-दिवस पर पौधा लगाया। उनके साथ गोपाल तिवारी, अवध पटेल, ओम पटेल, देवी सिंह वेड़ा और अनुराग गौड़ भी पौध-रोपण में शामिल हुए।

# प्रोफेसर ने 45 साल पहले जिस छात्रा को कक्षा से बाहर किया था अब वह कोरबा की सांसद है

## पूर्व छात्रों की यादों, किस्सों और दोस्ती के तरानों से महका एमवीएम परिसर

भोपाल(काप्र)।

**यारी है ईमान मेरा, यार मेरी जिंदगी.... यह दोस्ती हम नहीं छोड़ेंगे ....जैसे फिल्मी भी तरानों पर मोतीलाल विज्ञान महाविद्यालय के वर्षों पुराने छात्र आज एक बार फिर झूम उठे । मौका था मोतीलाल विज्ञान महाविद्यालय पूर्व विद्यार्थी संगठन (एमवीएम एलुमिनी) द्वारा पूर्व छात्रों के दीपावली मिलन समारोह का।**

छात्रों के इस मिलन समारोह में मुख्य अतिथि के रुप में महाविद्यालय के पूर्व छात्र रहे छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष श्री चरण दास महंत ,उनकी धर्मपत्नी कोरबा सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत, विशिष्ट अतिथि स्वास्थ्य मंत्री डॉ.प्रभुराम चौधरी एवं विशेष अतिथि महाविद्यालय की जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष मोहनलाल कोरी थे । स्पीकर चरण दास महंत ने जहां कॉलेज के 1972- 75 के दिनों की यादों को ताजा किया, वहीं उन्होंने कहा कि एमवीएम से उन्हें न सिर्फ जीना सीखा बल्कि जीवनसंगिनी के रूप में यही की छात्रा रही ज्योत्सना महंत भी मिली। उन्होंने कहा कि कॉलेज के दिनों में ही व्यक्ति को जीवन जीने का असली ज्ञान प्राप्त होता है ।उन्होंने यह भी कहा कि मैं आज अपने पुराने कॉलेज के कार्यक्रम में कुर्ता पजामा नहीं बल्कि पैजामा शर्ट पहनकर एक पूर्व छात्र के रूप में आया हूं । श्री महंत ने कहा कि अच्छे दोस्त सफेद रंग जैसे होते हैं ,जिसमें कोई भी रंग नहीं मिलाया जा सकता। उन्होंने पूर्व छात्रों से कहा कि जब तक जीवन है उसे बेहतर ढंग से जियो । प्रभुराम चौधरी ने कहा कि अधिकांश विद्यार्थियों ने प्रदेश और देश का नाम रोशन किया है। उन्होंने इस बात पर गर्व किया कि वे एमवीएम के विद्यार्थी रहे हैं। उन्होंने बताया कि वर्षों पहले बेगमगंज से आकर उन्होंने इस कॉलेज में सुनहरे दिन गुजारे थे। उस दौरान भोपाल के आसपास के जिलो के लिए एमवीएम में प्रवेश लेना गर्व और गौरव की बात होती थी । पूर्व छात्र जब वर्षों बाद मिलते हैं तो पुरानी यादें स्मृति पटल पर पुन: ताजा हो जाती है । डा. चौधरी ने यह भी कहा कि एमवीएम ने उनके जीवन को नई दिशा दी । कोरबा की सांसद और श्री महंत की धर्मपत्नी श्रीमती ज्योत्सना महंत ने कॉलेज की स्मृतियों को याद करते हुए कहा कि वे आज कार्यक्रम में कॉलेज की पूर्व छात्रा के रूप में शामिल होने आई है न कि कोई नेता के रुप में । कॉलेज के दिनों की याद करते उन्होंने बताया कि एक बार जब वो बिना पूछे पानी पीने कक्षा से बाहर चली गई थीं, तो वापस लौटने पर कक्षा ले रहे जूलॉजी के प्रोफेसर विजय तिवारी ने उन्हें सजा के तौर पर कक्षा से बाहर कर दिया था। श्रीमती महंत ने कहा कि उन्होंने इस कॉलेज से बहुत कुछ सीखा है, जो आज काम आ रहा है। जीवन के हर मोड़ पर शिक्षकों द्वारा दी गई शिक्षा ही काम आ रही है ।हम कितने भी बड़े पदों पर पहुंच जाएं लेकिन शिक्षकों के सामने कुछ नहीं है। मोहनलाल कोरी ने कहा कि वे जनभागीदारी के अध्यक्ष के रूप में पूरी निष्ठा और लगन से दायित्व निभाएंगे । कार्यक्रम में पूर्व छात्रा हस्तशिल्प विकास निगम की प्रबंध संचालक श्रीमती अनुभा श्रीवास्तव, सुधीर अग्रवाल, प्रोफेसर संतोष कुमार श्रीवास्तव, प्रोफेसर उमेश मिश्रा, प्राचार्य डॉ राकेश सिंह आदि मौजूद थे । महंत ने कॉलेज के 1959 से 1970 के बीच उत्तीर्ण होकर निकले पूर्व छात्रों सर्वश्री विजय तिवारी,प्रोफेसर संतोष कुमार श्रीवास्तव, सूरज शिवपुरी, शिव सिंह सिसोदिया ,केके पालीवाल,कमलेश जैमिनी,प्रो.ओपी जैन,नीलकांत अय्यर, जेपी शर्मा, विपिन बिहारी वाजपेई को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। महंत ने एलुमिनी के पदाधिकारियों, कार्यकारिणी सदस्यों को स्मृति चिन्ह भेंट किए। अपने सम्मान के प्रत्युत्तर में प्रोफेसर विजय तिवारी ने बताया कि उन्होंने जिस छात्रा ज्योत्सना महंत को कक्षा से बाहर किया था, वह आज कोरबा की सांसद है ,जो गर्व की बात है ।उन्होंने यह भी बताया कि इसी छात्रा के पति चरणदास महंत ने कैसे उनकी मदद की, जब उनका ट्रांसफर भोपाल से बाहर हो गया था और वे बाहर जाने लायक स्थिति में नहीं थे। प्रोफेसर संतोष कुमार और प्रोफेसर उमेश मिश्रा ने भी अपने संस्मरण सुनाए । कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों का स्वागत करते हुए एलुमनी के अध्यक्ष सतीश रायजादा ने कहा की पूर्व छात्रों को एक दूसरे से मिलकर पुरानी यादों को ताजा करने के लिए इस प्रकार का आयोजन हर साल होता है। पुरानी सुनहरी यादें पूर्व छात्रों में उत्साह, उमंग और जोश से परिपूर्ण कर देती है। महासचिव सुभाष व्यास ने एलुमनी के वार्षिक कार्यों पर प्रकाश डाला। पूर्व छात्र मिलन समारोह में वर्षों बाद मिले मित्रों ने दोस्ती पर आधारित फिल्मी गानों पर जमकर धमाल मचाया। पूर्व छात्र - छात्रा जहां एक दूसरे से पुरानी यादों का जिक्र कर रहे थे, वही कॉलेज के दिनों की शरारतों का भी जिक्र कर रहे थे ।पूर्व छात्रों ने छात्र जीवन की हंसी ठिठोली, मस्ती और सुनहरे पलों को फिर से 30,40,45 वर्ष बाद मिलकर ताजा किया। कार्यक्रम में प्रसिद्ध गायिका सुश्री सुहासिनी जोशी और उनकी टीम द्वारा सरस्वती वंदना और फिल्मी फिल्मी गीतों की प्रस्तुति की गई। पूर्व छात्र सर्वश्री अवनीश रायजादा, राकेश रायजादा, महेंद्र जोशी ,राजीव सिंह ,उपेंद्र सिंह तोमर आदि ने भी दोस्ती पर आधारित गीत प्रस्तुत किए और पूर्व छात्रों ने जमकर डांस किया। इस अवसर पर एलुमनी के पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्य सर्वश्री विनोद पाराशर, रवि शंकर पांडे, सुकांत जैन ,अभय श्रीवास्तव, राजेंद्र त्रिपाठी, सत्येंद्र चौरसिया ,उपमन्यु त्रिवेदी ,जुबेर खान, वरुण शर्मा ,मनोज चतुर्वेदी ,ओपी द्विवेदी आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सुश्री स्वाति सिंह ने किया।

# राज्य स्तरीय पुरस्कार वितरण समारोह आज

भोपाल(काप्र)।

राज्यपाल मंगुभाई पटेल के मुख्य आतिथ्य और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में म.प्र. स्थापना दिवस कार्यक्रम की श्रृंखला में राज्य स्तरीय पुरस्कार वितरण समारोह 7 नवम्बर की शाम 6: 30 बजे रवीन्द्र भवन, भोपाल में होगा। पुरस्कार की श्रृंखला में उत्कृष्ट और असाधारण कार्यों के लिये मध्यप्रदेश गौरव सम्मान और नवाचार और शासकीय योजनाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिये मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार प्रदान किये जायेंगे। मध्यप्रदेश स्थापना दिवस पर एक नवम्बर से निरंतर विभिन्न विभागों की रचनात्मक गतिविधियों की श्रृंखला जारी है। एक नवम्बर को राज्य स्तरीय मुख्य समारोह के बाद 2 नवम्बर को लाड़ली लक्ष्मी योजना 2.0, 3 नवम्बर को स्वच्छता एवं साफ-सफाई, 4 नवम्बर को एक जिला-एक उत्पाद एवं रोजगार दिवस, 5 नवम्बर को मध्यप्रदेश के गौरव पर केन्द्रित प्रतियोगिताएँ और 6 नवम्बर को जल-संरक्षण तथा वन्य-प्राणी सुरक्षा जागरूकता के कार्यक्रम हुए।

# खेल मंत्री सिंधिया आज इंदौर के खेलो इंडिया गेम्स वेन्यू का निरीक्षण करेंगी

भोपाल(काप्र)।

खेल और युवा कल्याण मंत्री श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया आगामी जनवरी में होने वाले खेलो इंडिया यूथ गेम्स की तैयारियों की लगातार समीक्षा और स्थल निरीक्षण कर रही हैं। इसी क्रम में सोमवार को श्रीमती सिंधिया दोपहर 2 बजे इंदौर के अभय प्रशाल, जहाँ टेबल-टेनिस और कबड्डी की प्रतियोगिताएँ होंगी तथा बॉस्केटबाल और वेट लिफ्टिंग मैदान का निरीक्षण करेंगी। साथ ही खेल मंत्री संचालक खेल और युवा कल्याण रवि कुमार गुप्ता और अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ खेलो इंडिया यूथ गेम्स की तैयारियों की समीक्षा भी करेंगी। खेल मंत्री श्रीमती सिंधिया 3.30 बजे रेसकोर्स रोड इंदौर में आईटीएफ मेन्स टेनिस टूर्नामेंट का शुभारंभ भी करेंगी। वे शाम 5.30 बजे देवास के लिये रवाना होंगी, जहाँ पर मल्हार स्मृति हॉल में जिला पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में शामिल होंगी।

# रन फॉर वाइल्ड लाइफ एण्ड फॉरेस्ट प्रोटेक्शन के विजेता आज होंगे पुरस्कृत

भोपाल(काप्र)।

**मध्यप्रदेश स्थापना दिवस कार्यक्रम की श्रृंखला में वन्य-प्राणी एवं वन-संरक्षण के प्रति लोगों में जागरूकता के लिए वन विभाग के वन मंडल भोपाल द्वारा रन फार वाइल्ड लाइफ एण्ड फॉरेस्ट प्रोटेक्शन का आयोजन किया गया।**

इसमें सभी आयु वर्ग के लगभग 570 महिला एवं पुरूष ने हर्षोल्लास से भाग लिया। प्रधान मुख्य वन संरक्षक राज्य वन विकास निगम अभय पाटिल ने यह दौड़ वन विहार के गेट नं. 2 से सुबह 7 बजे शुरू कराई। करीब 6.50 किलोमीटर की दौड़ भदभदा चौराहा, डिपो चौराहा, स्मार्ट सिटी तिराहा, जनजातीय संग्रहालय, राष्ट्रीय मानव संग्रहालय और श्यामला हिल्स बोट क्लब रोड से होती हुई वन विहार के गेट क्रमांक-1 पर समाप्त हुई। प्रधान मुख्य वन संरक्षक राज्य वन विकास निगम पाटिल, मुख्य वन संरक्षक अतुल श्रीवास्तव, डायरेक्टर वन विहार नेशनल पार्क भोपाल श्रीमती पदमा प्रिया बालकृष्णन, वन मंडल अधिकारी आलोक पाठक और उप वन मंडल अधिकारी भोपाल आर.एस. भदौरिया द्वारा दौड़ में शामिल सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति-पत्र प्रदान किये गये। दौड़ में पुरूष वर्ग में प्रथम स्थान उपेंद्र पाल, द्वितीय स्थान अजीत पाल एवं तृतीय स्थान संदीप पाल और महिला वर्ग में सुश्री दीक्षा प्रथम स्थान, सुश्री राजकुमारी द्वितीय स्थान एवं सुश्री सपना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, जिन्हें 7 नवंबर को रवीन्द्र भवन भोपाल में राज्य स्तरीय पुरस्कार वितरण समारोह में पुरस्कार प्रदान किए जायेंगे।

# बिजलीकर्मियों का अनोखा प्रदर्शन,मंदिर में सद्बुद्धि के लिए यज्ञ, 23 को एक दिन का कार्य बहिष्कार

**भोपाल( काप्र )।** राजधानी में रविवार को बिजलीकर्मियों ने अनोखे तरीके से प्रदर्शन किया। शिवाजी चौराहा स्थित हनुमान मंदिर में उन्होंने सद्बुद्धि यज्ञ किया। उनकी मांग है कि उन्हें नियमित किया जाए। यदि मांग पर कोई सुनवाई नहीं हुई तो 23 नवंबर को एक दिन का कार्य बहिष्कार करेंगे। फिर दिसंबर में अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे। यूनाइटेड फोरम के बैनरतले विद्युत संविदाकर्मियों ने इकट्ठा होकर सरकार को भाजपा जन संकल्प 2013 पूर्ण कराने हेतु सद्ब्रुद्धि यज्ञ किया। उन्होंने कहा कि बीजेपी ने विधानसभा चुनाव में सरकार बनते ही संविदाकर्मियों को नियमित करने का लिखित वादा किया था, जो कि आज तक लंबित है। इसके विपरित विपक्षी दल ने सभी राज्यों में अपने संविदाकर्मियों को नियमित कर दिया। इनमें ओडिशा, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान, बिहार आदि स्टेट शामिल हैं, लेकिन मध्यप्रदेश में बीजेपी अपना ही जन संकल्प पत्र भूला बैठी ।प्रांतीय मीडिया प्रभारी लोकेंद्र श्रीवास्तव ने बताया, यूनाइटेड फोरम ने पत्र लिखकर मुख्यमंत्री से चर्चा के लिए समय मांगा था। इस पर आज तक कोई जवाब नहीं मिला। यदि जल्द ही सरकार ने विद्युत संविदाकर्मियों के नियमितीकरण के आदेश जारी नहीं किए तो फोरम के बैनरतले अनिश्चितकालीन आंदोलन किया जाएगा।

# बीसीएलएल को अर्बन मोबिलिटी अवॉर्ड देश में सबसे अच्छी बस सेवा

भोपाल (काप्र)।

भोपाल सिटी लिंक लिमिटेड (बीसीएलएल) को अर्बन मोबिलिटी अवॉर्ड-2022 के लिए चुना गया है। केंद्रीय शहरी विकास मंत्रालय ने इसे सिटी विथ मेस्ट इनोवेटिव फाईनेंसिंग मैकेनिज्म फॉर ट्रॉसपोर्ट श्रेणी में चयनित किया है। बीसीएलएल नगर पालिक निगम भोपाल अधीनस्थ एवं कम्पनी एक्ट के तहत पंजीकृत सार्वजनिक लोक परिवहन कम्पनी है। केरल के कोच्ची शहर के होटल ग्रैंड हयात में केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान एवं आवासीय एवं शहरी विकास राज्यमंत्री कौशल किशोर ये अवॉर्ड प्रदान करेंगे। बीसीएलएल की ओर से अवॉर्ड निगम आयुक्त केवीएस चौधरी, एमआईसी सदस्य मनोज राठौर और अपर आयुक्त चंद्र प्रताप गोहल लेंगे। बीसीएलएल द्वारा इनोवेटिव फाईनेंसिंग मैकेनिज्म फॉर ट्रॉसपोर्ट के तहत निश्चित आय प्राप्ति के लिए नवाचार मूलक विचार एवं राजस्व प्राप्ति को सुनिश्चित करने के लिए लागू किए गए मॉडल के फलस्वरूप इस अवॉर्ड के लिए बीसीएलएल को चयनित किय गया है, जो कि संभवत: देश का अपने आप में पहला उदाहरण है। अगस्त-2021 से बीसीएलएल द्वारा निजी जनभागीदारी अधारित नवाचार मूलक विचारों को दृष्टिगत रखते हुए केन्द्र शासन की अमृत योजनार्न्तगत 150 डीजल बसों का ग्रॉस कॉस्ट मॉडल के तहत बस संचालन प्रारंभ किया गया। बस संचालन अंतर्गत राजस्व प्राप्ति के लिए निविदा जारी कर अलग से एजेंसी का चयन किया गया था ।बीसीएलएल द्वारा लागू किए गए उक्त मॉडल को ना केवल मध्यप्रदेश, बल्कि केन्द्र सरकार द्वारा सराहा गया, जिसके फलस्वरूप इस अवॉर्ड के लिए बीसीएलएल को चयनित किया गया है। इससे पूरा मध्यप्रदेश गौरवांवित हुआ है। देश के ऐसे शहर जहां पर सिटी बसों का संचालन हो रहा है, के लिए भी गर्व का विषय है ।वर्तमान में भोपाल शहरवासियों को शासन द्वारा अनुमोदित विभिन्न 20 मार्गों पर 352 बसों के माध्यम से लोक परिवहन सेवा प्राप्त हो रही है, जिसमें प्रतिदिन लगभग 1.50 लाख से अधिक यात्रीगण लाभांवित हो रहे हैं।

खास खबर | लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग का जल-संरक्षण पर सेमीनार सम्पन्न...

# दीर्घकालिक उपलब्धता के लिए जल-संरक्षण जरूरी: यादव

भोपाल(काप्र)।

**मध्यप्रदेश स्थापना दिवस की श्रृंखला में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री बृजेन्द्र सिंह यादव के मुख्य आतिथ्य में डॉ. विश्वेश्वरैया सभागार, जल भवन, भोपाल में सेमीनार हुआ।**




सेमीनार का मुख्य उद्देश्य प्रदेश के 39 जिलों के करीब 10 हजार से अधिक जल-स्त्रोत विहीन ग्रामों के लिये शुद्ध पेयजल की कार्य-योजना तैयार करना और आम लोगों में जल-संरक्षण एवं संवर्द्धन के लिये जागरूकता लाना है। श्री यादव ने कहा है कि प्रदेश में निरंतर गिर रहे जल-स्तर से आमजन प्रभावित न हो और सभी को उनकी जरूरत के अनुसार पानी मिल सके, इसके लिये जल-संरक्षण बहुत जरूरी है। उन्होंने अपने गाँव की तालाबी खेती का उदाहरण देकर जल-संरक्षण की उपयोगिता को समझाया। राज्य मंत्री ने कहा कि जल-संरक्षण एवं संवर्द्धन को एक निरंतर प्रक्रिया के रूप में चलाया जाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जल की दीर्घकालिक उपलब्धता के लिये जल-संरक्षण जरूरी है, तभी हम लम्बे समय तक पेयजल योजनाओं का बेहतर लाभ प्राप्त कर सकेंगे। अपर मुख्य सचिव पीएचई मलय श्रीवास्तव ने कहा कि जल-जीवन मिशन से ग्रामीण परिवारों को जल देने की व्यवस्था की जा रही है।

यह बहुत जरूरी है कि ग्रामीण क्षेत्र में जल-संरक्षण एवं संवर्द्धन के समुचित उपाय किये जायें। उन्होंने कहा कि ग्रामवासियों को जल-संरक्षण के लिये जागरूक करना हम सबकी जिम्मेदारी है। श्री श्रीवास्तव ने कहा कि जल-स्त्रोत विहीन ग्रामों की जल-प्रदाय व्यवस्था के लिये स्थानीय स्त्रोतों के अनुरूप और ग्रामीणजनों की सहभागिता को शामिल करते हुए बेहतर कार्य-योजनाएँ बनाई जाना चाहिये। निदेशक केन्द्रीय भू-जल बोर्ड राकेश सिंह ने जल-स्त्रोत विहीन ग्रामों की पेयजल व्यवस्था के संबंध में विशेष कार्य-योजना तैयार किये जाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि विभाग इस कार्य-योजना में ग्रामीण आबादी से पूरी तरह समन्वय बना कर जल-संरचनाओं का निर्माण करे। सेमीनार में भू-जल विषय-विशेषज्ञ एस.एम. शर्मा, मुख्य अभियंता, अधीक्षण यंत्री, कार्यपालन यंत्री सहित मैदानी अमला उपस्थित रहा।

# मलय श्रीवास्तव एसीएस पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की जिम्मेदारी

**भोपाल ( काप्र )।** मध्यप्रदेश सरकार ने प्रदेश के सीनियर आईएएस अफसरों के तबादले किए हैं। इनमें एसीएस पीएचई मलय श्रीवास्तव को एसीएस पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं, नीरज मंडलोई को पीएस नगरीय प्रशासन एवं आवास विभाग बनाया है। अनिरुद्ध मुखर्जी को पीएस लोक परिसंपत्ति विभाग को प्रशासन अकादमी के डीजी का अतिरिक्त प्रभार दिया। संजय शुक्ला को पीएस लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी बनाया। मनीष सिंह को औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग का प्रमुख सचिव बनाया। सुखवीर सिंह को पीएस पीडब्ल्यूडी बनाया है। फैज अहमद किदवई को पीएस परिवहन विभाग बनाया। इसके साथ जेल विभाग का भी अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। उमाकांत उमराव को खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग में पीएस बनाया। गुलशन बामरा को पीएस पर्यावरण विभाग डीजी एप्को, पशुपालन एवं डेयरी विभाग के पीएस का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। संजय गोयल को प्रमुख राजस्व आयुक्त भोपाल के साथ आयुक्त भू अभिलेख एवं बंदोबस्त ग्वालियर का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। जॉन किंग्सली एआर को कमिश्नर मेडिकल एजुकेशन बनाया। जीव्ही रश्मि एमडी कृषि विपणन बोर्ड बनाया। माल सिंह भयडिया को भोपाल संभाग का संभागायुक्त बनाया। श्रीमन शुक्ला नर्मदापुरम संभाग के कमिश्नर बनाया गया है।